Bareilly Friday,
24 December 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 14

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. : 04 TOP

हास्य, व्यंग्य और भावनाओं से सराबोर नाटक का मंचन

bareilly@inext.co.in

एसआरएमएस रिद्धिमा में हुआ नाटक का सफल मंचन

BAREILLY (23 Dec): एसआरएमएस ऋद्धिमा में गुरुवार को हास्य, व्यंग और भावनाओं का संगम नाटक इनसे मिलिए का मंचन किया गया. नाटक का निर्देशन फिल्म जगत के जाने माने अभिनेता सलीम शाह ने किया. उन्होंने कई फिल्मों और टीवी शो में काम किया हुआ है. नाटक की शुरुआत पहली कहानी से होती है जो कि श्यामनाथ नाम के व्यक्ति से शुरू होती है. श्यामनाथ जोकि अपने बॉस के लिए रात्रिभोज की मेजबानी कर रहे हैं, और सभी व्यवस्थाओं को अच्छी तरह से देखा जा रहा है. इतने में उनकी पत्नी कहती हैं कि बूढ़ी अनपढ़ मां का क्या करें. श्यामनाथ अपनी मां के पास जाते हैं और कहते हैं कि आज मेरे बॉस खाने पर आने वाले हैं तुम एक काम करना अच्छे से कपड़े पहन लेना और हो सके तो खर्राटे मत लेना. मां कहती है कि बेटा जबसे बीमार हुई हूं अपने आप ही ये समस्या हो गई है. सभागार में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति और शहर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे.